**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–20.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 38 विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान जारी।**
- **वोट डालने को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह, दोपहर एक बजे तक लगभग 48 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने लोगों से अधिक–अधिक संख्या में वोट डालने की अपील की।**
- **आज हो रहे मतदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और चार मंत्रियों समेत कई दिग्गजों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला।**

*******************

झारखंड में विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण में हो रहे चुनाव के लिए कडी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। इस चरण में 12 जिलों के 38 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव हो रहा है। मतदान शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा जबकि नक्सल प्रभावित 31 बूथों में सुरक्षा कारणों से मतदान शाम 4 बजे समाप्त होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, दिन के एक बजे तक 47 दशमलव नौ दो प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक 56 दशमलव पांच शून्य प्रतिशत मतदान रांची के सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में दर्ज किया गया है। इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से बिना किसी भय के वोट डालने की अपील की है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी झारखंड के सभी मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने की अपील की है। इधर, भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि समृद्ध झारखंड के निर्माण के लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

*******************

इधर, रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर लोगों में जिस प्रकार का उत्साह देखा जा रहा है, उससे इस चरण में पहले चरण की तुलना में ज्यादा मतदान होने की उम्मीद है।

*******************

उधर, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भी लोगों से वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और झारखंड के विकास के लिए सभी लोग अपने मताधिकार प्रयोग अवश्य करें।

*******************

अब आपको सीधे लिये चलते हैं दुमका, जहां के चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान जारी है। नीरद आप बतायें आपके इलाके में कैसी चल रही है मतदान प्रक्रिया।

*******************

इस बीच संताल परगना के पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि पूरे संताल परगना में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में और सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई है और लोग भय मुक्त होकर मतदान कर रहे हैं।

*******************

हमारे रामगढ़ संवाददाता के पास और जानते हैं कैसी चल रही है वहां की मतदान प्रक्रिया।

*******************

और अब जानते हैं गोड्डा जिले के बूथों पर मतदान को लेकर क्या हैं ताजा हालात। नीरव कैसी चल रही है आपके इलाके में मतदान की प्रक्रिया।

*******************

दूसरे चरण में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के साथ ही पहली बार मतदान कर रहे वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर बेहद खुश दिखे। रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में 87 वर्षीय मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उधर चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने के बाद एक दिव्यांग सोनू राय ने कहा कि लोकतंत्र में वोट डालना सबका दायित्व है। इधर धनबाद में पहली बार मतदान करने के बाद रश्मि बेहद उत्साहित दिखीं। रश्मि ने कहा कि क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए उन्होंने अपना वोट डाला है।

*******************

इस चरण में एक करोड़ 23 लाख से अधिक मतदाता पांच सौ 28 उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे। उम्मीदवारों में 55 महिलाएं हैं। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और कल्पना सोरेन शामिल हैं। इसमें चार मंत्री इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडे सिंह और बेबी देवी भी चुनावी मैदान में हैं।

*******समाप्त***********